Report

राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप

राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप में भाग लेने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस शिविर में 30 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिन्होंने प्रथम से पाँचवीं कक्षा तक के बच्चों को अंग्रेज़ी, गणित जैसे विषयों में जानकारी प्रदान की।

यह कार्यक्रम 23 जुलाई 2025 को आयोजित किया गया। समापन के अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा भविष्य में भी प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ जुड़कर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीप्तिशिखा भारद्वाज भी उपस्थित रहीं। उन्होंने स्वयंसेवकों को इस प्रकार के समाजसेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इसके अतिरिक्त एनजीओ से श्रीमती निशा ठाकुर एवं श्रीमती अराधना भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

एनएसएस प्रभारी डॉ. सुशील कुमार ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं प्राचार्या महोदया का इस सहयोग एवं प्रेरणा के लिए आभार प्रकट किया।

P&G shiksha

CAMaL Ka Camp 2025

Pratham

CERTIFICATE OF SUPPORT

awarded to

Government Degree College, Chail-Koti - Shimla (2024-25)

for supporting

the mobilization and training of volunteers/students to conduct the

"CAMaL Ka Camp"- Summer Campaign 2025

Joginder Lal
State Head
Pratham Education Foundation
Himachal Pradesh

Registered Office: Y.B. Chavan Centre, 4th Floor, Gen. J. Bhosale Marg, Nariman Point, Mumbai-400021, Maharashtra | info@pratham.org | +91-2222819561 | Website: www.pratham.org